# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.04.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा– सभी डॉक्टरों को ”राष्ट्र प्रथम” की भावना से कार्य करना चाहिए।
- द्वीपसमूह के समग्र क्षेत्रीय केंद्र की ओर से चौदह अप्रैल को निशुल्क कृत्रिम अंग वितरित किए जाएंगे।
- सातवें पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पौष्टिक भोजन और संतुलित आहार के महत्व पर जोर दिया गया।
- फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा देने के लिए अंडमान निकोबार कमान की ओर से हाफ मैराथन का आयोजन।

<><><><><><><>

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार ने देश की जनता के लिए स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ और किफायती बनाया है। फरीदाबाद स्थित ई एस आई सी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के द्वितीय दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि सभी डॉक्टरों को ”राष्ट्र प्रथम” की भावना से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर देश को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो देश के नागरिकों का स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों का व्यवहार मानवता से परिपूर्ण होना चाहिए।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के रोटरी क्लब और महावीर सेवा सदन के सहयोग से द्वीपसमूह के समग्र क्षेत्रीय केंद्र की ओर से पांच दिवसीय निःशुल्क प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सभी के लिए समावेशिता और गतिशीलता के सीआरसी के दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। शिविर के दौरान कोलकाता से विशेषज्ञ तकनीशियनों की टीम अपनी सहायता प्रदान कर रहे हैं, जो उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल और कृत्रिम अंगों और कैलीपर्स की व्यक्तिगत फिटिंग सुनिश्चित करती है। कोलकाता के महावीर सेवा सदन, के प्रमुख प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक गौतम रॉय के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र के

लगभग पचास लाभार्थियों को मदद प्रदान की। कृत्रिम अंग चौदह अप्रैल को समापन समारोह के दौरान वितरित किए जाएंगे। इन सेवाओं की आवश्यकता वाले सभी पात्र व्यक्तियों से तेरह अप्रैल तक पंजीकरण करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

फरारगंज के सामुदायिक विकास ब्लॉक की ओर से दो दिवसीय बैंक लिंकेज शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वित्तीय समावेशन को मजबूत करना और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, विशेष रूप से संभावित लखपति दीदियों के रूप में पहचानी गई महिलाओं को ऋण लिंकेज सहायता प्रदान करना था, जो सफल आजीविका उद्यम चला रही हैं और कम से कम एक लाख रुपये सालाना की स्थायी आय अर्जित कर रही हो। शिविर के पहले दिन ब्लॉक विकास अधिकारी ललिता तिग्गा ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने और स्थानीय आजीविका का समर्थन करने में एसएचजी–बैंक लिंकेज के महत्व पर जोर दिया। शिविर में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक, और केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न पंचायतों से कुल तिरपन संभावित लखपति दीदियों ने भाग लिया। शिविर के दूसरे दिन बैंक प्रतिनिधियों ने स्वयं सहायता समूह ऋण के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के महत्व के बारे में बताया। क्रिसिल फाउंडेशन की टीम ने स्वयं सहायता समूह सदस्यों के लिए उपलब्ध सरकारी पेंशन योजनाओं पर जागरूकता सत्र आयोजित किए। शिविर में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से कुल सत्ताईस संभावित लखपति दीदियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत आई सी डी एस शहरी परियोजना ने सातवां पोषण पखवाड़ा मनाया। हैडो में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड नम्बर दो के पार्षद सोमेश्वर राव और अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में पारंपरिक व्यंजनों के माध्यम से स्वस्थ भोजन को बढ़ावा देने के लिए आम जनता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए 'पौष्टिक भोजन' विषय पर एक रेसिपी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर पार्षद ने अपने संबोधन में पोक्सो अधिनियम के प्रावधानों और बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने में व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। बाल विकास परियोजना अधिकारी जरीना बीबी ने संतुलित आहार के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में फिटनेस और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अंडमान निकोबार कमान और प्रशासन के सहयोग से हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। तेरह अप्रैल को नेताजी स्टेडियम आयोजित होने वाला यह आयोजन फिट इंडिया अभियान और द्वीपों में खेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। मैराथन में पांच किलोमीटर, दस किलोमीटर और इक्कीस किलोमीटर की तीन श्रेणियां शामिल हैं। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सुबह साढ़े चार बजे नेताजी स्टेडियम में उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के जल क्षेत्र में पन्द्रह अप्रैल से इक्कतीस मई तक बॉटम ट्रॉलिंग गियर का इस्तेमाल करने वाले मत्स्य जलयानो तथा शार्क मत्स्यहरण के लिए निर्धारित तिथि में मत्स्यहरण की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे सभी संबंधित मछुआरों से घोषित सत्र के दौरान इसके उपयोग की मनाही की गई है।

<><><><><><><>

पंगुनी उतरम उत्सव के सिलसिले में आज श्री विजयपुरम के मुरगन मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर के विभिन्न भागों से कावड़ियों की शोभा यात्रा निकाली गई, जो मुरगन मंदिर में जाकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने आग पर चलकर अपनी भक्ति और शक्ति का परिचय दिया। श्रद्धालुओं के लिए भोग की भी व्यवस्था की गई। भारी संख्या में श्रद्धालु इस उत्सव में शामिल हुए। इस कार्यक्रम को देखते हुए शहर में यातायात की भी व्यवस्था की गई थी। मंदिर के ट्रस्टी एल मूर्ति ने इस व्यवस्था पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

<><><><><><><>

बम्बूफ्लाट थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या के आरोपी को द्वीपसमूह के सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ने कठोर आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई और उस पर दस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया। इसके अलावा आरोपी को तीन वर्ष की और कठोर सजा भुगतनी होगी। यह मामला चौबीस जून दो हजार तेईस का है, जिसकी जांच इंस्पेक्टर के. अब्दुल नासिर द्वारा की गई थी। मामले की सुनवाई पब्लिक प्रोसेक्यूटर सुमित कुमार करमारकर और एडिशनल पब्लिक प्रोसेक्यूटर महेश्वर लाल ने की।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज में क्षतिग्रस्त खंभों को बदलने और नया बस्ती में इंटर कनेक्शन लाईनों को जोड़ने के चलते कल बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में होपटाउन से शोलबे, विम्बर्लीगंज से जिरकाटांग और फरारगंज से रामपुर शामिल हैं। कटौती कल सुबह आठ बजे से दिन में दो बजे तक की जाएगी।

**<><><><><><><>**